हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 मई 2024

तापमान
अधिकतम 45.7 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

11 रस्साकसी में सुरेंद्र और लंबी कूद में राममेहर ...



12 लड़का होने की दवा देने वाले को रंगे हाथों किया गिरफ्तार



फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें।
हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

### शहर में आज

- ⏭ द्वितीय जलघर पर जन स्वास्थ्य विभाग सुनेगा आमजन की समस्याएं।
- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- ⏭ रोडवेज में कर्मचारियों की मीटिंग।

24 दिन की परेशानी के बाद जल दर्शन, 15 दिन रहेगी मौज

# लंबे इंतजार के बाद जेएलएन में 2200 क्यूसिक पानी आया, अब बिजली कट की परेशानी

- एसडीओ ने निरीक्षण कर मोटर से जलघरों में पानी भिजवाया
- बिजली के बढ़ते कट बन रहे परेशानी, दिन रात लग रहे तीन से चार घंटे कट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लम्बे समय के बाद बृहस्पतिवार को सिंचाई विभाग ने जेएलएन में पानी छोड़ दिया। इससे आने वाले 15 दिनों तक लोगों को भरपूर पानी मिलेगा। सभी कॉलोनियों में सुबह और शाम की सप्लाई बहाल कर दी गई है। नहर से मोटर द्वारा जलघरों को भरा जा रहा है। बृहस्पतिवार को एसडीओ राजेश रोहिल्ला ने जेई व अन्य कर्मचारियों के साथ नहर का निरीक्षण किया और मोटर के माध्यम से पानी जलघरों तक भिजवाया। इस बार 22 सौ क्यूसिक पानी छोड़ा गया है जो पूरे शहर के लिए पर्याप्त है। लेकिन इसी के साथ ही बिजली के अघोषित कटों की समस्या ने लोगों को परेशान कर दिया है। करीब 24 पहले जेएलएन में पानी आना बंद हो गया था। उस समय विभाग ने कॉलोनियों में एक समय पानी सप्लाई करनी शुरू कर दी थी। जिसमें मात्र दस से 15 मिनट की सप्लाई दी जा रही थी। बाहरी कॉलोनियों में तो एक समय की सप्लाई भी बंद हो गई थी। 13 मई को पानी खत्म हो गया था। जिसके बाद सिंचाई विभाग ने दो सौ क्यूयिक पानी भेजा था। अब पानी आने से किल्लत देखने को नहीं मिलेगी।



रोहतक। जेएलएन में पानी का बहाव हुआ तेज। फोटो : हरिभूमि

### डीसी ने ली थी बैठक

डीसी अजय कुमार ने एक सप्ताह में न केवल जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मीटिंग ली बल्कि उनके साथ जलघर और नहरों का निरीक्षण भी किया। उनके प्रयास से ही सिंचाई विभाग ने जेएलएन में दो सौ क्यूसिक पानी छोड़ा था। पानी की टेंशन खत्म होने पर लोगों के साथ साथ अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है।



### अब दोनों समय सप्लाई जारी रहेगी

लोगों ने करीब 24 दिन तक पानी की किल्लत झेली। इस दौरान अधिकतर जगह एक समय सप्लाई दी गई। अब जेएलएन में 22 सौ क्यूसिक पानी आ गया है। जिसे मोटर की मदद से जलघरों तक पहुंचाया जा रहा है। अब दोनों समय सप्लाई जारी रहेगी। आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। 15 दिन तक उनके पास पानी रहेगा। **-राजेश रोहिल्ला**, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग

## तीन से चार घंटे तक बिजली गुल, दो सौ से अधिक शिकायतें रोज पहुंच रही

- सेक्टर-1-2, पटेल नगर, छोटूराम चौक, लाढौत रोड, बाबरा मोहल्ला के आस-पास इलाकों में बिजली बंद रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के लोग बिजली निगम के रवैये से परेशान हो गए हैं। तपती गर्मी में जहां एक ओर सूर्य का ताप लोग सह नहीं पा रहे है तो दूसरी ओर इतनी गर्मी में बिजली गुल से लोग परेशान हो रहे है। दिन हो या रात किसी भी समय बिना सूचना के बिजली के कट लग रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों की दैनिक दिनचर्या भी काफी हद तक प्रभावित हो रही है। बुधवार की रात शहर के आधे से ज्यादा इलाके में बिजली व्यवस्था ठप रही और लोग गर्मी में तपड़ते दिखे। सेक्टर-1-2, पटेल नगर, छोटूराम चौक, लाढौत रोड, बाबरा मौहल्ला के आस-पास सभी इलाकों में रात में बिजली बंद रही। वहीं कॉलोनियों के लोगों ने बताया कि रात्रि में लगभग 11.45 बजे अचानक पूरे सेक्टर में बिजली चली गई जो ढ़ाई बजे चालू हुआ यानी लगभग तीन घंटे तक इलाके की बिजली गुल रही ऐसा ही हाल आधे शहर का रहा। आधी रात को बिजली बंद होने से लोग सड़कों व गलियों पर घूमते दिखे और तीन घंटे तक परेशानी झेलते रहे। अचानक लगने वाले कट की जानकारी अधिकारियों को भी नहीं होती।



### लोड बढ़ने से लग रहे कट

बिजली निगम के सूत्रों के मुताबिक 400 केवी कबुलपुर में बुधवार को अचानक बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। जिसकी वजह से रोहतक शहर के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। दो सौ केवी के दो ट्रांसफार्मर खराब हो गए थे। जिन्हें दोबारा शुरू करने में कई घंटे लग गए। बृहस्पतिवार को लोड की वजह से बिजली कट लगाए गए।

### बुधवार रात तीन घंटे गुल रही बिजली

बुधवार की रात जहां लगभग तीन घंटे बिजली व्यवस्था ठप रही तो बृहस्पतिवार को दिन में भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा। सुबह लगभग 11 बजे बिजली आपूर्ति अचानक बंद कर दी गई और दोपहर के धूप व गर्मी में लोग काफी परेशान हुए।

### हेल्पलाइन पर लगी शिकायतों की झड़ी

उधर, रात को बिजली गुल होने के कारण लोगों ने कुछ समय तो इंतजार किया। जब यह समय बढ़ने लगा तो शिकायतें भी निरंतर सामने आईं। हर कोई बिजली सप्लाई कब तक सुचारु होगी, यही सवाल कर रहा था।

**बढ़ने लगी शिकायतें:** बिजली वितरण निगम के कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के अनुसार हर रोज 200 से ज्यादा शिकायतें विभिन्न एरिया से आ रही हैं। संबंधित शिकायतों को विभाग के संबंधित एरिया के पास भेज दिया जाता है। गर्मी बढ़ने से फाल्ट भी बढ़ गए हैं। सेक्टर-एक में बुधवार की रात भी हालात खराब रहे।

### खबर संक्षेप

#### मदवि: 27 और 31 मई को होगी परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीटेक आठे सेमेस्टर जी स्कीम के पेपर- एप्लीकेशन ऑफ पावर इलैक्ट्रोनिक्स इन पॉवर सिस्टम्स तथा एमटेक दूसरे सेमेस्टर के पेपर- एप्लाइड मशीन लर्निंग की आयोजन तिथि में बदलाव किया गया है। बीटेक आठे सेमेस्टर जी स्कीम के पेपर- एप्लीकेशन ऑफ पावर इलेक्ट्रॉनिक्स इन पॉवर सिस्टम्स की परीक्षा अब 31 मई को तथा एमटेक दूसरे सेमेस्टर के पेपर- एप्लाइड मशीन लर्निंग की परीक्षा अब 27 मई को आयोजित की जाएगी। उपरोक्त पेपरों के आयोजन समय तथा परीक्षा केन्द्र में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वे पहले वाले ही रहेंगे।

#### मोबाइल छीनने का आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि आसलवास दुबिया भिवानी निवासी कुमार सैन ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 15 दिसंबर 2023 को कुमार सैन करीब दोपहर 3 बजे मड स्टार अस्पताल के पास मोबाइल फोन पर बाते करते हुए जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए और कुमार सैन का मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 15 अप्रैल को आरोपी गौरव निवासी पानीपत हाल बहादुरगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

#### 4 दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा 6 जून से

रोहतक। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए), रोहतक के तत्वावधान में चार दिवसीय 32वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुरूआत 6 जून से होगी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि स्पर्धा आईएमटी दिल्ली रोड स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में सुबह दस बजे से शुरू होगी। इसमें अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर ओपन आयु वर्ग के मुकाबलों में लगभग 450 खिलाड़ी दम-खम दिखाएंगे।

#### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव सुनारिया के पास एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुनारिया गांव की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया। जब सामने पुलिस को देखा तो युवक वापस मुडकर जाने लगा, इसी दौरान उसकी चेकिंग की तो उसके लोवर की जेब से लोडेड देशी पिस्तौल मिला और बरामद की गई देशी पिस्तौल की मैगजीन उतारकर चैक किया तो एक जिंदा रौंद मिला।

### फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर की मौत

**सांपला।** दहकोरा मार्ग पर मार्ग पर सड़क हादसे में फैक्ट्री में काम करने वाले एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पत्नी यूपी जिला देवरिया गांव होलीवालिया निवासी सीमा की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। सीमा ने बताया कि बुधवार की शाम 6:30 बजे उसका पति राहुल अपने दोस्त के साथ दहकोरा मार्ग पर घूमने गया था। एक तेज गति से आए ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया।

## पर्यवेक्षक ने सेक्टर-3 स्थित राजकीय मिडल स्कूल के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

- सिविल अस्पताल में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक लोकसभा के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी ने लोकसभा क्षेत्र में स्थापित किये गए मतदान केंद्रों का दौरा कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतदाताओं की सुविधाओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाये।सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभारकर रेड्डी ने गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र में हुडा सेक्टर-3 स्थित राजकीय मिडल स्कूल में स्थापित किये गए मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मतदान केंद्र पर उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं की जानकारी ली तथा उन्हें मतदान केंद्र पर पेयजल सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किये गए है।



### एक ऑग्जीलियरी समेत 1885 मतदान केंद्र बनाए: अजय कुमार

- रोहतक लोकसभा के लिए 26 चुनाव प्रत्याशी मैदान में

**रोहतक।** रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि लोकसभा क्षेत्र में एक ऑग्जीलियरी मतदान केंद्र सहित 1885 मतदान केंद्र बनाये गए है। इन मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 4524 बैलेट यूनिट, 2262 कंट्रोल यूनिट तथा 2451 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है, जिनमें आरक्षित यूनिट भी शामिल है।रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि रोहतक लोकसभा-07 में रोहतक जिला की 4 विधानसभा महम-60, गढ़ी-सांपला-किलोई-61, रोहतक-62 व कलानौर (अनु.जा.)-63, झज्जर जिला की 4 विधानसभा बहादुरगढ़-64, बादली-65, झज्जर (अनु.जा.)-66 व बेरी-67 तथा रेवाड़ी जिला की एक विधानसभा कोसली-73 शामिल है। रोहतक लोकसभा के लिए 26 चुनाव प्रत्याशी मैदान में है। इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर 2-2 बैलेट यूनिट प्रयुक्त होगी। डीसी ने बताया कि महम-60 विधानसभा के 217 मतदान केंद्रों के लिए आरक्षित यूनिटों सहित 521 बैलेट यूनिट, 260 कंट्रोल यूनिट तथा 282 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है। गढ़ी-सांपला-किलोई-62 विधानसभा के 255 मतदान केंद्रों के लिए आरक्षित यूनिट सहित 540 बैलेट यूनिट, 270 कंट्रोल यूनिट तथा 293 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है। रोहतक-62 विधानसभा के 170 मतदान केंद्रों के लिए आरक्षित यूनिटों सहित 408 बैलेट यूनिट, 204 कंट्रोल यूनिट तथा 221 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है। कलानौर (अनु.जा.)-63 विधानसभा के 202 मतदान केंद्रों के लिए आरक्षित यूनिटों सहित 485 बैलेट यूनिट, 242 कंट्रोल यूनिट तथा 263 वीवीपैट यूनिट आबंटित की गई है।

### गांव घडावठी में जमीन विवाद को लेकर महिला पर लाठी-डंडों से हमला

**रोहतक।** गांव घडावठी में जमीन विवाद के चलते एक महिला पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। महिला कीमती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 मई को खेत की पैमाइश करवाने के लिए गांव के गिरदावर व पटवारी की सूचना पर पति मंजेश के साथ गई हुई थी। शाम करीब चार बजे मेरा जेठ सतीश, मेरी सास संतोष, सतीश की पत्नी सुमन व लड़का सक्षम अपनी कार से राड, डंडे व बिंडे लेकर आए और हमला दिया। इसके जोर से चिलाने पर पति मंजेश, अजीत, प्रवीन, गांव चौकीदार, हरिओम नंबरदार, जगमेंद्र व गांव के पटवारी ने छुड़वाया।

रोहतक लोस में 803 वोटरों ने घर बैठकर वोट डालने के लिए किया आवेदन

## बुजुर्ग और दिव्यांग: आज से घर बैठे कर सकेंगे मतदान, 20 तक डाले जाएंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोहतक लोकसभा क्षेत्र के 85 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से उन्हें घर से ही मतदान करने के लिए सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके लिए जिन जिन बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को फॉर्म 12 डी के माध्यम अपनी सहमति घर बैठे ही मतदान की सुविधा लेने के लिए दी है , उन सभी मतदाताओं को 17 से 20 मई तक घर घर जा कर बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र में ऐसे 803 मतदाताओं ने अपने वोट घर से ही डालने के लिए आवेदन किया है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी इसके लिए घर घर जाकर इन सभी मतदाताओं से संपर्क करके उनका मत बैलेट पेपर से डलवायेंगे। इसके लिए बकायदा शेड्यूल बना लिया गया है।



बॉक्स

17 से 19 मई को कोसली विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्ग व विकलांग मतदाताओं का मत डलवाया जाएगा। जबकि रोहतक व झज्जर जिला के मतदाताओं के लिए 18 व 20 मई को मतदाताओं की वोट डलवायें जाएगें। निर्वाचन कार्यालय द्वारा संबंधित मतदाताओं के इस बाबत संपर्क करके सूचित कर दिया गया है। रोहतक जिले में कुल 239 , झज्जर में 111 तथा कोसली विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 453 मतदाता है। संबंधित एआरओ द्वारा रूट चार्ट बना लिया गया है और सभी बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं जिन्होंने घर से ही मताधिकार की रजामंदी दी है कि घर से मत डलवाए जाएंगे।

### रूट चार्ट तैयार



बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के वोट घर बैठे ही डलवाने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारी कर ली गई है। इसके लिए बकायदा रूट चार्ट बनाएंगे। ताकि प्रशासनिक टीम बुजुर्गों और दिव्यांगों के घर पहुंच सकें। **-अजय कुमार**, डीसी रोहतक

## लोस चुनाव: पुलिस मुस्तैद, वाहनों की चेकिंग का चलाया अभियान

### चौक चौराहों पर नाकाबंदी कर हर गतिविधियों पर कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला पुलिस ने वीरवार को भी नाकाबंदी की। इस दौरान वाहनों की जांच पड़ताल की गई। साथ ही यातायात पुलिस ने वाहनों के चालान किए। एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि पुलिस द्वारा रोजाना चौक चौराहों पर नाकाबंदी की जा रही है। जहां से हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस के साथ इस अभियान में सीआरपीएफ को भी शामिल किया गया है। नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ भी बड़े स्तर पर मुहिम छेड़ी गई है। उन्होंने बताया चुनाव तक पुलिस की कार्यवाही जोरशोर से जारी रहेगी। इस दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही पुलिस चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रख रही है। सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, पीसीआर और राइडर को मुस्तैदी से डयूटी करने के निर्देश दिए गए हैं।



रोहतक। वाहनों की जांच पड़ताल करते पुलिस व सीआरपीएफ के जवान।

यूटिलाइजेशन

शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले

**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
**-आर्यन, रायपुर**

**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
**-माही, भोपाल**



सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
**-चिराग, दिल्ली**

कहानी

सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी

सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी



कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।


सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार

1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले



4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-कलम, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. घड़ी की सुइयां

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10

## खबर संक्षेप



### शादी लाल बत्तरा ने किया पुस्तक का विमोचन

**कलानौर।** सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. ममता रानी द्वारा सम्पादित पुस्तक भारतीय समाज एवं महिलाएं: बदलती दशाए व सम्भावनाएं का विमोचन पूर्व सांसद व कॉलेज प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष शादी लाल बत्तरा द्वारा किया गया। शादी लाल बत्तरा ने डॉ. ममता रानी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### डीएवी स्कूल की छात्रा नेहा बोर्ड परीक्षा में रही टॉपर

**सांपला।** हसनगढ़ डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा नेहा हरियाणा शिक्षा बोर्ड परीक्षा में स्कूल में टॉपर रही। नेहा ने 96 प्रति शत अंक लिए हैं। जबकि स्कूल का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। नेहा का कहना है कि वह डॉक्टर बन कर समाज सेवा करना चाहती है। प्राचार्य वजीर सिंह ने बताया कि रीतू , कीर्ति, लोक विजय ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया।

### स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का समापन

# रस्साकसी में सुरेंद्र और लंबी कूद में राममेहर-राजबीर की टीम रही प्रथम

- गैर शिक्षक कर्मचारियों व उनके पारिवारिक सदस्यों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। इसमें कर्मचारियों के अलावा उनके परिवारों के सदस्यों ने भी भाग लिया।

प्रतियोगिता में 100, 400 मीटर रेस, रस्साकसी, कबड्डी, लेमन रेस, लम्बी कूद, ताश आदि खेल में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

रस्साकसी में सुरेंद्र हुड्डा और लंबी कूद में राममेहर-राजबीर की टीम प्रथम रही। 100 दौड़ में राजबीर ने पहला स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बाजी अनुबंध कर्मचारियों ने मारी। महिलाओं की दौड़ में सुमन और निधि अव्वल रहीं। वॉलीबॉल का मुकाबला वजीर की टीम के नाम रहा। संघ के उप प्रधान ऋषि देव कुंडू ने बताया विजेताओं को ट्रॉफी और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, रजिस्ट्रार डॉ. एच के अगरवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मितल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।



**रोहतक।** विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना।



**रोहतक।** खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना को स्मृति चिंह देते पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

### खेलों से भाईचारे की भावना भी बढ़ती है : रवि

इस मौके पर संघ के प्रधान रवि सांगवान ने कहा कि भविष्य में भी खेलों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि खेलों से जहां शरीर तंदरूस्त रहता है, वहीं भाईचारे की भावना भी इनसे बढ़ती है। सांगवान ने बताया कि जो प्रतिभागी आज अपना मुकाबला नहीं जीत पाए, वे निराशा न हो। बल्कि वे अगली स्पर्धा की तैयारी करें। प्रधान ने कहा कि जो हारता है, उसे एक दिन विजयश्री भी हासिल होती है। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उप प्रधान वीरेंद्र अहलावत, जसवीर छिकारा, उप प्रधान नरेश कुमार, वजीर सिंह,सुरेंद्र कुमार, मोहित कुमार, धर्म पाल माली, धर्मेंद्र, सतीश सोनी, जय सिंह छिकारा, पवन कुमार समेत दूसरे कर्मचारी पुरस्कार वितरण के समय मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को डेंगू के लक्षण और बचाव की जानकारी दी



- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंठी में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौंठी में डॉ. कुलदीप सिंह जागलान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी की अध्यक्षता में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। डॉ. कुलदीप सिंह ने डेंगू बुखार के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू होने पर तेज बुखार, आंखों के पीछे वाले हिस्से में दर्द, उल्टी, पेट दर्द, थकान, जी मितलाना आदि लक्षण हो सकते हैं। मरीज को अगर मसूडों और नाक से या पेशाब से खून आने लगे तो तुरंत अस्पताल में दाखिल कराना चाहिए। डेंगू बुखार के लिए सैम्पल लेकर जांच करवाने की सुविधा हर सीएचसी पर उपलब्ध है।

### तरल पदार्थ लें

डॉ. कुलदीप ने बताया कि डेंगू के मरीज को ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लेना चाहिए। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व डेंगू दिवस पर ड्राईंग प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को डॉ. कुलदीप सिंह द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर हेल्थ इंस्पेक्टर विजय कुमार, हैल्थ इंस्पेक्टर हरिओम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता नरेश, नीरज, श्रीभगवान, मीनू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जॉन वेस्ले के छात्रों ने जंप रोप में जीते 9 पदक

- प्रधानाचार्या ने सर्टिफिकेट देकर विजेताओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के छात्रों ने 10वीं रोहतक डिस्ट्रिक्ट रोप स्किपिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया, जो गौड ब्राह्मण सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ। इसमें बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता एमेचर रोप स्किपिंग एसोसिएशन हरियाणा, रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गत 8 मई को आयोजित की गई। इसमें विभिन्न राज्यों से अनेक स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें हरियाणा से जॉन वेस्ले कॉन्वेंट से अंडर-11 स्पीड होप में प्रियांश, अवनी ने सिल्वर मेडल, सानिध्य, काव्या ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 स्पीड होप में हर्षित ने ब्रॉन्ज मेडल, अंडर-14 स्प्रिंट में कपिश, विज्जवल ने सिल्वर मेडल तथा आदित्य वर्मा, कनिष्का ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके साथ-साथ विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि हमें विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों पर गर्व है। उन्होंने उनके अभिभावकों को भी बधाई दी। उन्होंने बच्चों को इसी तरह अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपप्रचार्या मेंशका, शोभा, रीतू, तरु, रेशमा, कीर्ति सहित अन्य उपस्थित रहे।




**रोहतक।** विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक।
*फोटो : हरिभूमि*

# गांधी कैंप में गंदे पानी की समस्या, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांधी कैंप में गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ राजेश रोहिल्ला टीम के साथ मौक पर पहुंचे और पानी की सप्लाई की जांच पड़ताल की गई। इस दौरान कहीं गंदे पानी की शिकायत नहीं मिली।

उन्होंने कई मकानों में जाकर पानी की सप्लाई की जांच की गई। जहां पानी साफ मिला। एसडीओ राजेश रोहिल्ला ने बताया कि विभाग द्वारा हर वार्ड में जेई स्तर के अधिकारी कैंप लगा रहे हैं। जहां मिल रही शिकायतों पर कार्यवाही की जाती है। गंदे पानी की शिकायत मिली थी लेकिन पानी साफ मिला है। इसके अलावा आसपास भी कहीं गंदे पानी की सप्लाई नहीं पाई गई। उनके साथ वार्ड पार्षद राधेश्याम ढल भी मौजूद रहे।



**रोहतक।** पानी की सप्लाई की जांच करते हुए एसडीओ राजेश रोहिल्ला।

# सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर

- सीबीएसई 12वीं में जीया ने 93 .6 प्रतिशत हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी का सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विज्ञान पाठ्यक्रम में छात्रा जीया ने 93.6 प्रतिशत और शीतल ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य में छात्र आयुष ने 94.6 प्रतिशत, कृष ने 87.6 प्रतिशत, मानविकी पाठ्यक्रम में मुस्कान ने 91.4, परी ने 90, पायल ने 88.2, यशिका ने 88 प्रतिशत, संदीप व डोली ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । वहीं दसवीं कक्षा की छात्रा नीति ने 95.2 प्रतिशत, तनीषा ने 94.2, दर्शिता ने 92.4, तरुण ने 90.4 ,कार्तिक ने 90.2, आदित्य कुमार ने 89.6, मीनाक्षी ने 89.2, अक्षित शर्मा ने 87.2, पूजा ने 86 और अंश ने 85.2 अंक हासिल कर अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक हिमांक मित्तल और प्रधानाचार्या रितु ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया और अध्यापकों को बधाई दी व छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# डीजीवी स्कूल के बच्चों ने फन टाउन में की मस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीजीवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के पहली से चौथी कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों ने आसौदा बहादुरगढ़ के फन टाउन में मस्ती भरी पिकनिक का आनंद लिया। बच्चों ने वहां विभिन्न झूलों का लुत्फ़ उठाया।

वाटर पूल में मस्ती और स्लाइड से गर्मी में ठंडक को महसूस किया। रेन डांस में बच्चों ने अध्यापकों के साथ बहुत आनंद लिया। विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्ट ग्रेटल शर्मा और जॉयंट डायरेक्टर सांची शर्मा ने बच्चों व अध्यापकों के साथ सब गतिविधियों में प्रतिभागिता भी की। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रधानाचार्या डाक्टर सविता शर्मा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों को जीवन के महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाती हैं, जो कक्षाओं के अनुभव से अलग और व्यवहारिकता के निकट होते हैं। यही अनुभव बच्चों को सामाजिक व्यवहार सीखने में योगदान देते हैं।

## ईंट भट्ठा मालिकों ने गर्मी से बचाव के लिए चलाया अभियान

**रोहतक।** जिले के कई ईंट भट्ठा मालिकों ने भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों व उनके परिवारों को गर्मी से बचाव के लिए अभियान चलाया। हरियाणा भट्ठा एसोसिएशन के प्रधान अनूप सिंह दहिया ने बताया कि वे लगातार जिले के ईंट भट्ठों का दौरा कर उनपर काम करने वाले मजदूरों को गर्मी से बचाने के लिए भट्ठा मालिकों की मदद से पानी की सुविधा, छतरी, छाया के लिए प्रबंध के साथ बच्चों के लिए ओआरएस के पैकेट वितरित करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारी किसी भी व्यापार के रीढ़ की हड्डी होता है, इसलिए हमारा फर्ज बनता है कि उसकी सुरक्षा के लिए बेहतर प्रयास करें। उन्होंने बताया कि यह मुहिम पूरी गर्मी के मौसम तक जारी रहेगी।



# मतदान के लिए किया जागरूक

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप की नोडल अधिकारी वैशाली सिंह ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सिविल अस्पताल में नागरिकों को मतदान का महत्व समझाते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसी कड़ी में खरावड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा कार्यकर्ताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें अपने क्षेत्रों में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए। वैशाली सिंह ने कहा है कि मदवि की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र राठी, डॉ. विपिन सैनी, डॉ. सपना शर्मा, नरेश अहलावत सहित लगभग 200 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया। इसके अलावा स्वीप के तहत डीएलफ कॉलोनी स्थित टिकाना बाबा बंदा बहादुर गुरुद्वारा में डॉ. संदीप ने संगत को मतदान करने के लिए जागरूक किया।



# स्पेशल ओलंपिक भारत में भाग लेगा शुभम

**सांपला।** गांव गांधरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 10वीं कक्षा के विद्यार्थी शुभम का चयन नेशनल लेवल के स्पेशल ओलंपिक भारत में हुआ है। शुभम हैंडबॉल एवं वालीबॉल का अच्छा खिलाड़ी है और पिछले करीब 2 साल से अभ्यास कर रहा है। खिलाड़ी का वीरवार को स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण मलिक ने बताया कि शुभम ने करीब 2 साल पहले खेलना शुरू किया था। जिसके बाद उसने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए जिला व स्टेट लेवल पर कई मेडल जीते हैं। जिसने 9वीं कक्षा पास कर ली है और 10वीं कक्षा में पढ़ता है। अब शुभम लगातार पढ़ाई के साथ खेल का अभ्यास मन लगाकर करता है। जिसे सीडब्ल्यूएसएन टीचर प्रमिला राठी ट्रेनिंग करवाती है। प्रिंसिपल कृष्ण मलिक ने बताया कि 13 मई को गुरुग्राम में ट्रायल हुई थी। जिसमें शुभम का नेशनल लेवल के स्पेशल ओलंपिक भारत में चयन हुआ है। जो अब हैंडबॉल एवं वालीबॉल के स्पेशल ओलंपिक भारत भाग लेगा।

# वेद मॉडल स्कूल कलानौर में विश्व डेंगू दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। डॉ. कमला वर्मा ने बच्चों के साथ साथ अध्यापकों को भी डेंगू की जानकारी दी। विद्यार्थियों को डेंगू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द आदि के बारे में विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने कहा कि डेंगू मच्छर टूटे बर्तनों, घड़ों, कूलर, डिब्बों आदि में जमा पानी में पनपता है। यह मच्छर दिन के समय काटता है। विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घरों व घर के आस-पास पानी इकट्ठा ने होने दें। समय-समय पर कूलर व टंकी के पानी को अवश्य बदलें। बुखार व डेंगू के लक्षण होने पर अस्पताल जाकर जांच व उपचार करवाएं। इस मौके पर भाविका, आदिति, निधि, साक्षी, सनत आदि विद्यार्थियों ने भी डेंगू के बारे में अपने विचार रखे।

**सूचना**

मैं, जापान सिंह पुत्र श्री हुकुम सिंह निवासी खेड़ी महम तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री रेखा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, कर्मबीर पुत्र श्री राम चन्द्र निवासी भराण तहसील जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोमबीर व उसकी पत्नी सिखा यादव मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय का नए सत्र से पहले निरीक्षण

# ऑडिट टीम ने कॉलेज की व्यवस्था को परखा

- विद्यालय के भवन, फर्नीचर, स्टाफ सदस्यों के तालमेल की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय का एकेडमिक एवं एडमिनिस्ट्रेटिव ऑडिट कमेटी की टीम ने नए सत्र से पहले निरीक्षण किया। टीम में प्रो अनीता रानी, प्राचार्य नरेश दुआ , प्रो मनीष पूर्व छात्र के रूप में नगर पालिका चेयरपर्सन पूजा इंदौरा रही। सांपला टीम ने कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर संतोष हुड्डा से कॉलेज की व्यवस्था के बारे में जानकारी ले कर विद्यालय के भवन फर्नीचर, स्टाफ सदस्यों के तालमेल की प्रशंसा की। निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय के सम्मेलन हाल सभागार पुस्तकालय स्मार्ट रूम, लेक्चर थिएटर, कंप्यूटर प्रयोगशाला और विज्ञान प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त कक्षाओं के निरीक्षण के साथ-साथ कॉमन रूम का निरीक्षण किया और उनसे फीडबैक ली।

इस दौरान डॉक्टर चंद्रशेखर डॉक्टर ,सुनील चौहान ने कॉलेज की सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डॉक्टर जगबीर मलिक डॉक्टर पदमा, डॉक्टर सतीश, डॉक्टर अनिल, डॉक्टर रितु आदि स्टाफ भी उपस्थित रहा।



**रोहतक।** सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण करते हुए ऑडिट टीम प्रो. अनीता रानी व प्राचार्य नरेश दुआ।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- B.A.M.S. DOCTOR 4
- R.M.O. 6
- COMPUTER OPERATOR 4
- CHEMIST SHOP STAFF 2
- NURSING STAFF 10
- WARD BOY 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### स्कूटी चोरी की वारदात में आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने फतेहपुरी कॉलोनी में हुई स्कूटी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि फतेहपुरी कॉलोनी निवासी वेदपाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 13 अप्रैल को वेदपाल ने करीब 11 बजे अपनी स्कूटी को अपने घर के बाहर गली में खडा किया था। थोडी देर बाद वेदपाल ने अपनी स्कूटी देखी तो उसे नहीं मिली। जांच के दौरान 15 अप्रैल को आरोपी विक्की निवासी पाडा मौहल्ला गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांधी कैंप में स्थित घर से हुए दो मोबाइल फोन चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पीजीआई थाना प्रभारी जसवंत ने बताया कि उतरप्रदेश हाल किराएदार गांधी कैंप निवासी हेमराज ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 14 अप्रैल को हेमराज मकान की छत पर सो रहा था। सुबह के समय हेमराज को अपने दो मोबाइल फोन नहीं मिले। अज्ञात युवक रात समय मोबाइल फोन चोरी कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 15 अप्रैल को आरोपी सौरभ निवासी बाल्मिकी बस्ती पटेल नगर को गिरफ्तार किया गया है।

### घर में घुसकर व्यक्ति पर हमला, केस दर्ज

**रोहतक।** कलानौर में एक व्यक्ति पर घर में घुसकर हमला करने का मामला सामने आया है। इस दौरान व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ओमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 मई को घर आया तो मंजीत, चांदराम, जीतेंद्र, पूजा ने घर में घुसकर राड व डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद किसी तरह जान बचाकर बाहर भाग गया। फिर रास्ते में पकड़ लिया और फिर से पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल अवस्था में कलानौर अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

# प्रशिक्षण में सीखी तकनीक को क्लास में लागू करें शिक्षक : रूपांशी हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

निपुन हरियाणा के अंतर्गत कलानौर खंड के प्राथमिक शिक्षकों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण में भागीदारी करने वाले खंड के प्राथमिक शिक्षकों को आगामी सत्र की रूपरेखा संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में मौजूद जिला एफएलएन को ऑर्डिनेटर रूपांशी हुड्डा ने शिक्षकों से कहा कि वे प्रशिक्षण के दौरान बताई गई विषय वस्तु को कक्षा-कक्ष में लागू करें। डीएसएस समीर मान ने अध्यापकों से कहा कि शिक्षक द्वारा बच्चों के लिए कही गई हर बात बहुत महत्व रखती है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता चहल ने अपने खंड के सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीक को कक्षा कक्ष में लागू करें। शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए क्लस्टर हैड सुरेंद्र सिंह लाकड़ा तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अरविंद, विकास उपस्थित रहे। मास्टर ट्रेनर शालू, योगेश तथा हेमलता ने बताया कि जब सभी प्राइमरी शिक्षक विभाग द्वारा दी गई शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग, अभ्यास पुस्तिकाओं का प्रयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण, पिछड़े बच्चों पर काम आदि सभी पर ध्यान देंगे, तभी इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकेगा। जिला मॉनिटरिंग टीम की ओर से डिस्ट्रिक्ट एफएलएन कोऑर्डिनेटर रूपांशी हुड्डा, डिस्ट्रिक्ट साइंस एक्सपर्ट समीर मान, जेई सोनू कुमार, मॉडल संस्कृति विद्यालय कलानौर से प्रवक्ता राकेश कुमार अशोक कुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



■ कलानौर ब्लॉक में बुनियादी समझ को मजबूत करने के लिए चौथे चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रोहतक।** प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते जिला एफएलएन को ऑर्डिनेटर रूपांशी हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

# लड़का होने की दवा देने वाले को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

## पांच हजार रुपये की करी थी मांग, 1500 क्यूआर कोड के माध्यम से दिए


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लड़का होने की गारंटी के साथ दवा देते हुए एक युवक को वीरवार को जाट धर्मशाला के निकट एक रेस्टोरेंट से रंगे हाथों काबू किया है। युवक रेस्टोरेंट में 1500 रुपये लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गई महिला ग्राहक को दवाई देने के लिए पहुंचा था। युवक ने आते ही महिला को माचिस की डिब्बी में तीन सफेद रंग की गोलियां दी। जांच में सामने आया कि ग्राहकों की तलाश के लिए आरोपित फेसबुक के ग्रुप का प्रयोग करता था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने युवक को काबू करके सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। पकड़े गए युवक की पहचान रोहतक जिले के गांव लाहली निवासी 25 वर्षीय नीरज के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पीएनडीटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल ने बताया कि 25 वर्षीय नीरज फेसबुक पर पोस्ट डालता था कि कोई भी भाई, भाभी लड़का होने की दवाई उससे ले सकता है। बाद में ध्यान दिया गया तो पता लगा कि उसने दस से 15 ग्रुप में यह पोस्ट डाल रखी थी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फर्जी ग्राहक तैयार कर नीरज से बात करवाई तो कई दिन तो वह स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिलने के लिए टाइम पर टाइम देता रहा। नीरज को पकड़ने के लिए सिविल सर्जन डॉ. गोपाल गोयल ने टीम तैयार की। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. पालेराम कटारिया, डॉ. दीपक व फर्जी ग्राहक (डिकोय) शामिल थे।

नीरज ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किए गए फर्जी ग्राहक के पास क्यूआर कोड भेजकर 1500 रुपये की मांग की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्यूआरकोड पर 1500 रुपये भेज दिए। नीरज ने कुल पांच हजार रुपये की मांग की थी। जिसमें से 1500 रुपये पहले मांगे गए थे। जो स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऑनलाइन भेज दिए थे। इसके बाद नीरज ने फर्जी ग्राहक को जींद के एक निजी होटल में मिलने के लिए बुलाया। जहां स्वास्थ्य विभाग व पुलिस की टीम तैनात थी। जैसे ही नीरज ने फर्जी ग्राहक को अपने पास बैठाया और माचिस की डिब्बी में तीन गोलियां दी। जैसे ही फर्जी महिला ग्राहक ने नीरज को रुपये दिए तो पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नीरज को पकड़ लिया और सिविल लाइन थाना में ले जाया गया। जहां उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। पकड़े गए युवक का नाम नीरज कुमार है जो 25 वर्षीय है। जबकि उसने फेसबुक पर नवजोत कुमार के नाम से आईडी बना रखी थी। फेसबुक आईडी पर नीरज पोस्ट डालता था कि हमारे यहां लड़का होने की दवा दी जाती है। चाहने वाले भाई बहन या भाभी जरूर संपर्क करें। आप की वजह से किसी के घर में रौनक आ जाएगी। नोट जिस को जरूरत है वहीं एसएमएस करें।






**रोहतक।** जींद स्वास्थ्य विभाग की टीम, जिसने लड़का पैदा होने की दवा देने वाले को काबू किया है और नीरज द्वारा ग्रुप में डाला गया मैसेज। फोटो : हरिभूमि

■ फेसबुक पर नवजोत कुमार के नाम से बनाई थी आईडी, ग्रुपों में किए थे मैसेज

### दवा देने वालों पर विशेष नजर : डा. पालेराम

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है जो लड़का होने की दवा देने की बात करते हैं। लड़का व लड़की में कोई फर्क नही है। अगर कोई कन्या भ्रूण हत्या या फिर लड़का होने की दवा देता है तो इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी जा सकती है। सूचना पर विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**रोहतक।** विवि के अधिकारियों की बैठक लेते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह।

# समर स्कूल में तराशी जाएगी छात्रों की प्रतिभा : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक.

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में सृजनशीलता व रचनात्मकता संबंधित संचार विकसित करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्यशाला आधारित समर स्कूल का आयोजन किया जाएगा। कला, संगीत, साहित्यिक एवं अन्य गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों के टैलेंट को तराशने का कार्य समर स्कूल में किया जाएगा।

यह बात महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने वीरवार को कुलपति कार्यालय में आयोजित विशेष बैठक में विवि अधिकारियों को समर स्कूल के तहत विभिन्न कार्यशालाएं आयोजन करने के दिशा-निर्देश देते हुए कही। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि परीक्षाओं के बाद जून माह में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के चहुंमुखी विकास को सुनिश्चित करने हेतु समर स्कूल आयोजित किया जाएगा। कुलपति ने कहा कि डीन, स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय के तत्वावधान में संगीत विभाग, दृश्य कला विभाग, अंग्रेजी विभाग, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, सेंटर फॉर लाइफ एंड सॉफ्ट स्किल्स तथा यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट द्वारा समर स्कूल में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि इन ग्रीष्मकालीन विशेष कार्यशालाओं के तहत वाद्य संगीत-हारमोनियम/सिंथेसाइजर/पियानो, तबला/ड्रम, गिटार, डांस-फोक व क्लासिकल, सितार, योग, ऐराबिक, वुडब्लॉक प्रिंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग, ड्राइंग एंड वाटर कलर स्केचिंग, विडियोग्राफी शूटिंग एंड एडिटिंग, फोटोग्राफी, आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग आदि रचनात्मक प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजन होगा। कुलपति ने समर स्कूल में कला, संगीत और साहित्य समेत अन्य क्षेत्रों के प्रतिष्ठित/विशिष्ट जनों को बतौर रिसोर्स पर्सन बुलाने के विशेष दिशा-निर्देश दिए, जिससे उनके अनुभवों से विद्यार्थियों के कौशल में अभिवृद्धि हो।

बैठक में डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने समर स्कूल में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के आयोजन संबंधित ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि समर स्कूल का बेहतरीन आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

# सैनिक स्कूल सिंहपुरा का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनिक स्कूल सिंहपुरा का केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन अशोक दलाल ने बताया कि इस वर्ष स्कूल का परिणाम शतप्रतिशत रहा। 15 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा को पास करके स्कूल का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा से मनु ने 96.5 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा व 85 प्रतिशत अंकों के साथ चिराग ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 12वीं कक्षा से खुशी व नैंसी ने भी मेरिट में स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अशोक दलाल, रेखा दलाल, 84 खाप के प्रधान हरदीप अहलावत, अत्तर सिंह, रणधीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



**रोहतक।** शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलवाते हुए एमडीयू के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी। फोटो : हरिभूमि

### महर्षि दयानंद विवि में विद्यार्थियों को वोट डालने की शपथ दिलाई

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में चुनाव के परिप्रेक्ष्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शपथ दिलवाई गई। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर तथा एमडीयू के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने विभाग के शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई। सुनित मुखर्जी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान कर लोकतंत्र को सुदृढ़ करें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वो लोकतंत्र के ध्वजवाहक बन मतदाताओं को जागरूक करें तथा मतदान के लिए प्रेरित करें। यह कार्यक्रम स्वीप- सिस्टेमैटिक वोटर्स एजुकेशन एण्ड इलैक्ट्रोल पार्टिसिपेशन अभियान के तहत आयोजित किया गया।

### मशीन की तरह काम कर रहा मनुष्य, बीमारियों ने घेरा : सैनी



**रोहतक।** सेठ बिमल प्रसाद जैन की याद में सुभाष नगर स्थित पार्क में चल रहे निःशुल्क योग शिविर का वीरवार को समापन हो गया। योग साधकों को योग गुरू सरदार हवा सिंह सैनी ने योग क्रियाएं सिखाई। सरदार हवा सिंह सैनी ने कहा कि आज मनुष्य और मशीन में कोई फर्क नहीं रह गया। इसलिए इंसान को तरह तरह की बीमारियों ने घेर लिया है। तनाव से हर व्यक्ति जूझ रहा है। योग ऐसी साधना हैं, जिसके द्वारा मनुष्य हर बिमारी से छुटकारा पा सकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को योग अवश्य करना चाहिये। उन्होंने बताया कि शिविर एलपीएस बोसार्ड के एमडी एवं समाजसेवी राजेश जैन ने अपने पिता की याद में लगवाया है। सैनी ने साधकों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, मडूंक आसन, भस्त्रिका, चक्रासन, कपोली, पम्पिंग प्राणायाम का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर योगाचार्य ईश्वर अग्रवाल, एसोसिएशन के प्रधान प्रवीण सहगल, सरप्रस्त प्रदीप सहगल, राजेश मलिक, सुभाष भल्ला, शलेन्द्र शर्मा, प्रेम प्रताप जुनेजा, सुदेश गांधी, सुषमा हंस, देसराज टक्कर, वीरा जुनेजा, सावित्री डंग, मदन लाल खेड़ा, रमेश जुनेजा आदि उपस्थित रहे।

# 10 साल में बीजेपी सरकार 4 मंजूरशुदा बाइपास भी नहीं बनवा पाई: दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कांग्रेस के रोहतक लोकसभा प्रत्याशी दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा के शासन का अंत निश्चित हो गया है। आज हरियाणा के जन-जन की जुबान पर एक ही बात है कि 25 मई भाजपा गई। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने प्रदेश को महंगाई, बेरोजगारी, नशे और अपराध के गर्त में धकेल दिया है। उन्होंने इलाके की मंजूरशुदा परियोजनाओं के प्रदेश से बाहर जाने या ठप होने पर रोष जताते हुए कहा कि आज अगर कांग्रेस सरकार होती तो एम्स-2 और राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की तरह बाढसा एम्स के बाकी बचे 10 संस्थान भी तैयार हो चुके होते। इस दौरान विधायक कुलदीप वत्स मौजूद रहे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने वीरवार को बदली हलके के गांव सिलानी केशो, सिलानी जालिम, सिलाना, सुलोधा, गिजाडोद, रायपुर, किरडोड, दादनपुर, चांदपुर, माछरौली, भटेडा, घाटोली, काहडी, ढाणी सैनियान, खेड़ी सुल्तान, अमादलपुर, खुड्डन, असदपुर खेड़ा, अहरी, कोका, कुलाना, पाटोदा, खेड़ा पाटोदा, लुहारी आदि इलाकों में चुनाव प्रचार किया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में बादली, झज्जर, बहादुरगढ़, महम, कोसली, रोहतक, कलानौर, सांपला समेत 17 शहरों में बाइपास बनवाए और छुछकवास, मातन, सुबाना और बेरी का बाइपास एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मंजूर करा दिया था। लेकिन 10 साल में बीजेपी सरकार 4 मंजूरशुदा बाइपास भी नहीं बनवा पाई।



**झज्जर।** जनसभा को सम्बोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# चुनाव में गडबड़ी करने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इस बार आपको डरने की जरुरत नहीं, चुनाव आयोग ने बड़े स्तर पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किए हैं, यहां तक कि प्रत्येक बूथ पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी होगी और गडबड़ी करने वालों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। पांच मिनट के अंदर-अंदर कारवाई होगी।

उन्होंने कहा कि डरने व घबराने की जरुरत नहीं और पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न होंगे। सांसद ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा ने तो अपने हलके गढ़ी सांपला किलोई के साथ भी अन्याय किया है और जनता पर्ची-खर्ची को नहीं भूली है। भाजपा ने पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार को खत्म कर पारदर्शीता के साथ पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी दी है। वीरवार को भाजपा सांसद ने पूर्व सीएम के पैतृक गांव सांघी सहित गढ़ी सांपला किलोई हल्के के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। सांसद ने कहा कि पहले सांपला और फिर रोहतक तक मेट्रो लाना उनका लक्ष्य है, जोकि हर हाल में पूरा किया जाएगा, हरियाणा सरकार ने आसौदा तक तो मेट्रो की मंजूरी कर रखी है और भाजपा सरकार बनते ही इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। सांसद ने कहा कि हरियाणा की जनता सीधा सीधा 152 डी से संत कबीर कुटीर जाना चाहती है ना की दिल्ली होकर जाना चाहती है।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं के 150 मामले रिपोर्ट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस रोहतक के फार्माकोलॉजी विभाग ने रोगी सुरक्षा और फार्माकोविजिलेंस पर एक ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। डेंटल ऑडिटोरियम में स्नातकोत्तर छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. संजय तिवारी, प्रिंसिपल पीजीआईडीएस रोहतक, डॉ. ज्योति कौशल और फार्माकोलॉजी विभाग के अन्य सम्मानित अतिथि वक्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलन समारोह के साथ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ज्योति कौशल द्वारा दिए गए संक्षिप्त अवलोकन से हुई, जिसमें भारत में फार्माकोविजिलेंस पहलों के परिदृश्य पर प्रकाश डाला गया। विशेष रूप से, डॉ. कौशल ने पीजीआईएमएस रोहतक के फार्माकोलॉजी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसने 2011 में एएमसी सेंटर की जिम्मेदारी संभाली थी। अपनी स्थापना के बाद से, विभाग फार्माकोविजिलेंस प्रयासों में सबसे आगे रहा है, जिसमें सीडीईएससीओ को प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं (एडीआर) के लगभग 150 मामले रिपोर्ट किए गए हैं। यह सराहनीय उपलब्धि पीजीआई रोहतक को देश भर में एडीआर रिपोर्टिंग में चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बनाती है।

डॉ. कौशल ने प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं की विभिन्न अभिव्यक्तियों को पहचानने और उन्हें नीले, लाल और अन्य जैसे अलग-अलग रूपों में वर्गीकृत करने के महत्व को रेखांकित किया। पूरी तरह से रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने स्वास्थ्य पेशेवरों से एडीआर फॉर्म को लगन से भरने का आग्रह किया, जिसमें भारतीय आबादी के बीच अंडररिपोर्टिंग के प्रचलित मुद्दे पर प्रकाश डाला गया। डॉ. सविता वर्मा ने एडीआर रिपोर्टिंग के महत्व पर गहन चर्चा की। डॉ. वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि अंडररिपोर्टिंग एक बड़ी चिंता बनी हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवा सेटिंग्स में एडीआर घटनाओं की अधूरी तस्वीर सामने आती है। इस कमी को दूर करने के लिए, उन्होंने छात्रों और संकाय सदस्यों दोनों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जिससे फॉर्म भरने में दक्षता सुनिश्चित हुई है।



**रोहतक।** प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डॉ. संजय तिवारी, प्रिंसिपल पीजीआईडीएस रोहतक। फोटो : हरिभूमि